कार्यालय मुख्य आयुक्त
Office of the Chief Commissioner
सीजीएसटी एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (जयपुर परिक्षेत्र), जयपुर
CGST & Central Excise (Jaipur Zone), Jaipur

फा.सं. : GCCO/TECH/MISC/440/2023

परिपत्र

ज्ञान में शक्ति होती है, लेकिन जब इसे साझा किया जाता है तो यह और अधिक शक्तिशाली हो जाता है | ज्ञान संग्रह और साझा करना मानवता का एक बड़ा गुण है | जब हम ज्ञान साझा करते हैं तो एक दूसरे को समृद्धि और सम्मान प्रदान करते हैं| ज्ञान साझा करने से हमारी समझ में वृद्धि होती है और समाज में एकता और समरसता बढती है| अतः यह सही है कि **ज्ञान बांटने से बढ़ता है** |

उपरोक्त दृष्टीकोण को मूर्त रूप देने की दिशा में पहलस्वरुप हर माह मुख्य आयुक्त महोदय द्वारा जारी मासिक पत्र – **"संवाद"** के संलग्नक के रूप में **"ज्ञान संग्रह"** का अगले माह से प्रकाशन किया जाना प्रस्तावित है |

इस संदर्भ में विभाग के समस्त सेवारत एवं सेवानिवृत अधिकारियों से आग्रह है कि वे अपने ज्ञान के भंडार को विभाग के सभी साथियों से साझा करें और अपने सेवाकाल के दौरान अर्जित अनुभव, श्रेष्ठ कार्य पद्धति, दैनिक कार्य प्रणाली में सुधार इत्यादि विषयों पर अपने विचार, आलेख, सुझाव, प्रेरणादायक प्रसंग, व्यक्तिगत अनुभव इत्यादि इस कार्यालय को हर माह की **25 तारीख** तक विभागीय ई-मेल आईडी cco-tech-jpr@gov.in पर प्रेषित करें| जिससे आगामी मासिक पत्र – "संवाद" में उन्हें सम्मिलित किया जा सके | यहाँ पर यह उल्लेख करना उचित होगा कि साझा किये जाने वाले आलेख उन विषयों से सम्बंधित हों जो हमारे अधिकारीयों के दिन-प्रतिदिन के कार्य निष्पादन में उपयोगी हों और उसे सुगम बनायें |

ज्ञान संग्रह में जिनके आलेख प्रकाशित होंगे, उन्हें सम्मान स्वरुप मानदेय/ प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाना प्रस्तावित है | साथ ही सेवारत अधिकारियों की वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट (APAR) लिखते समय उनके योगदान को ध्यान में रखा जायेगा |

आशा है कि आप सभी इस पहल में अपना सक्रिय योगदान अवश्य देंगे |

Signed by Babneet Tuli
Date: 10-11-2023 17:14:07
Reason: Approved
(बबनीत तुली)
अपर आयुक्त

प्रति निम्नलिखित को प्रेषित कर अनुरोध है कि उक्त परिपत्र को सभी सेवारत एवं सेवानिवृत अधिकारियों को परिचालित करें –

1. प्रधान आयुक्त/ आयुक्त, सीजीएसटी एवं सीएक्स, जयपुर/ अलवर/ जोधपुर/ उदयपुर/ अंकेक्षण – जयपुर/ अंकेक्षण – जोधपुर/ अपील्स – जयपुर/ अपील्स – जोधपुर/ सीमा शुल्क, जयपुर |
2. प्रधान अपर महानिदेशक, नासिन, जयपुर / डीजीजीआई, जयपुर / अपर निदेशक, डीआरआई, जयपुर |
3. सभी अधिकारी / कर्मचारी संघ, जयपुर जोन |